न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जयपुर–द्वितीय (सांगानेर), जयपुर

पीठासीन अधिकारी का नाम : हिम्मत सिंह, आर.ए.एस.
प्रार्थना पत्र : 14/2024
निर्णय दिनांक : 20.03.2024

मोतीलाल कुमावत पुत्र मांगी लाल जाति कुमावत निवासी ग्राम दहमीकंला तहसील सांगानेर जिला जयपुर राजस्थान।

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार महोदय तहसील सांगानेर जिला जयपुर

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी मोती लाल त्र मांगी लाल जाति कुमावत निवासी ग्राम दहमीकंला तहसील सांगानेर जिला जयपुर जस्थान का रहने वाला है। प्रार्थी के नाम ग्राम दहमीकला पटवार हल्का दहमीकंला –अभिलेख निरीखक क्षेत्र ठीकरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा म्बर 478, 480, 481, 482, कुल किता 04 कुल रकबा 3.6500 हेक्टेयर जमाबन्दीनुसार दर्ज है। सका आपसी सहमति से खातेदारो ने दिनांक 15/07/2023 को तकासमा कर मौके पर ाबिज काश्त है। लेकिन आन लाईन नक्शा तरमीम गलत हो गई जिसको प्रार्थी दुरूस्त रवाना चाहता है।

अतः प्रार्थना प्रस्तुत कर निवेदन किया जाता है कि नियमानुसार कार्यवाही कर ऑन ाईन नक्शा में तकासमानुसार नक्शा तरमीम करने का आदेश करने कृपा करे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को रजिस्टर नोटिस एवं प्रार्थना पत्र ं तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने हेतु तहरीर जारी की गई। पत्रावली दिनांक 20.03.2024 को पेश हुई। तहसीलदार सांगानेर से रिपोर्ट प्राप्त नही होने पर अप्रार्थी के जवाब का अवसर बन्द किया जाकर प्रार्थी की उक्त प्रार्थना पत्र में बहस सुनी गई।

दौराने बहस प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहाराया एवं दौराने बहस निवेदन किया कि प्रार्थी के नाम ग्राम दहमीकला पटवार हल्का दहमीकंला भू–अभिलेख निरीखक ेत्र ठीकरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 478, 480, 481, 482, कुल किता 04 कुल रकबा 3.6500 हेक्टेयर जमाबन्दी में दर्ज है। जिसका आपसी

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.05.21 15:20:49 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)

ाहमति से खातेदारो ने दिनांक 15/07/2023 को तकासमा कर मौके पर काबिज काश्त है। ाकिन आन लाईन नक्शा तरमीम गलत हो गई जिसको प्रार्थी दुरूस्त करवाना चाहता है। अतः ायमानुसार कार्यवाही कर ऑन लाईन नक्शा में तकासमानुसार नक्शा तरमीम करने का आदेश ारने कृपा करे।

प्रार्थी की बहस एवं पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया जाने पर ार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम को स्वीकार किया ााकर प्रार्थी के नाम ग्राम दहमीकंला पटवार हल्का दहमीकंला भू–अभिलेख निरीखक क्षेत्र ोकरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित कृर्षि भूमि खसरा नम्बर 478, 480, 481, 82, कुल किता 04 कुल रकबा 3.6500 हेक्टेयर का राजस्व नक्शा दिनांक 18.07.2023 को ाप तहसीलदार बगरू, सांगानेर की उपस्थित में हुये आपसी राजीनामे में संलग्न नक्शे अनुसार ाल राजस्व नक्शा बनाये जाने के आदेश तहसीलदार सांगानेर को दिये जाते है। उक्त आदेश ी पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 20.03.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(हिम्मत सिंह)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
जयपुर–द्वितीय (साँगानेर),
जयपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.05.21 15:20:49 IST
Reason: SelfAttested